दिन–बुधवार दिनांक– 19 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।
अवधिः– 15 मिनट

---

01. सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर अंतरिक्ष में नौ महीने बिताने के बाद पृथ्वी पर सकुशल वापस लौटे। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने अंतरिक्ष यात्रियों को बधाई दी।

02. प्रवर्तन निदेशालय– ईडी ने राजद अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद से जमीन के बदले नौकरी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आज चार घंटे तक गहन पूछताछ की।

03. पटना हाई कोर्ट ने सत्तरवीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा रद्द करने से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई पूरी की। फैसला सुरक्षित रखा।

04. और, सेपक टाकरा विश्व कप दो हजार पच्चीस कल से पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्टस् कॉम्प्लेक्स में होगा शुरू। बीस देशों की टीम ले रही है भाग।

---

नासा के अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर अंतरिक्ष में नौ महीने बिताने के बाद पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल होने के लिए 45–दिवसीय पुनर्वास कार्यक्रम में शामिल हो गये है। स्पेसएक्स के क्रू–9 कैप्सूल में सवार दोनों अंतरिक्ष यात्री आज सुबह फ्लोरिडा के तट से दूर सुरक्षित उतरे। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने लंबे प्रवास में भारहीनता के प्रभाव में रहे अंतरिक्ष यात्री अब इसे समाप्त करने के शारीरिक अभ्यास से गुजरेंगे। माइक्रोग्रैविटी के लंबे समय तक संपर्क में रहने से मानव शरीर के लिए अनूठी चुनौतियाँ उत्पन्न होती हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरिक्ष यात्रियों को तीन चरण वाले पुनर्वास कार्यक्रम में शामिल किया जाता है। पहले चरण में गतिशीलता, लचीलापन और मांसपेशियों को मजबूत करने पर ध्यान दिया जाता है। दूसरे चरण में प्रोप्रियोसेप्टिव व्यायाम और कार्डियोवैस्कुलर प्रशिक्षण शामिल है, जबकि तीसरे और सबसे लंबे चरण में कार्यात्मक विकास को प्राथमिकता दी जाती है। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से प्रस्थान के सत्रह घंटे बाद सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर का स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल सुबह 3 बजकर 27 मिनट पर सुरक्षित रूप से उतरा। कैप्सूल से बाहर आने के बाद, उन्हें मेडिकल जांच के लिए भेजा गया। समाचार कक्ष से करिश्मा राय।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पेसएक्स के क्रू–9 मिशन के धरती पर सुरक्षित वापसी के लिए नासा की पूरी टीम को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत की बेटी सुनीता विलियम्स और उनके साथी

अंतरिक्ष यात्रियों ने दृढ़ता, समर्पण और कभी हार न मानने की भावना से सभी को प्रेरित किया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सुनीता विलियम्स और क्रू–9 अंतरिक्ष यात्रियों ने एक बार फिर दुनिया को दिखाया है कि दृढ़ता का सही मतलब क्या है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायन सिंह, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी अंतरिक्ष यात्रियों को बधाई दी है।

---

सरकार ने 2035 तक भारत अंतरिक्ष स्टेशन नाम से अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की योजना बनाई है और अगर सब कुछ सही रहा तो 2040 तक एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा पर होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज लोकसभा में पूरक प्रश्नों के उत्तर में यह बात कही। श्री सिंह ने कहा कि चंद्रयान–4 को दो प्रक्षेपण यानों के जरिए प्रक्षेपित किया जाएगा।

———बाइट———

चंद्रयान एक पहला ऐसा हमारा मिशन रहेगा जो दो लॉन्च व्हीकल से छोड़ा जाएगा उसके पांच कंपोनेंट रहेंगे। तीन एक तरफ, दो एक तरफ और डॉकिंग–अन डॉकिंग जिसकी थोड़ा बहुत अनुभव स्पेडेक्स से भी हुआ है, उसको बार बार करके और अधिक अनुभव और क्षमता हासिल करने का प्रयास रहेगा।

श्री सिंह ने कहा कि इस साल के अंत तक एक महिला रोबोट के साथ गगनयान की परीक्षण उड़ान शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह गौरव, गर्व और राहत का क्षण है कि सुनीता विलियम्स धरती पर सुरक्षित वापस आ गईं हैं।

---

प्रवर्तन निदेशालय– ईडी ने राजद अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद से जमीन के बदले नौकरी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आज पूछताछ की। सूत्रों ने बताया कि पटना स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में एजेंसी के अधिकारियों ने करीब चार घंटे तक श्री प्रसाद से पूछताछ की। इस दौरान रेलवे में ग्रुप डी के पदों पर विभिन्न विभिन्न लोगों की नियुक्ति में अनियमितताओं से संबंधित सवाल किए गए। ईडी इस मामले के अन्य आरोपियों से भी पूछताछ करेगी। एजेंसी ने कल पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनके बड़े बेटे तेज प्रताप यादव से इसी मामले में घंटों पूछताछ की

थी। गौरतलब है कि लालू प्रसाद के दो हजार चार से दो हजार नौ के दौरान रेल मंत्री रहते रेलवे में नियुक्ति का यह घोटाला उजागर हुआ था।

---

राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने ईडी की पूछताछ को लेकर एनडीए पर सवाल उठाए हैं। श्री यादव ने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष राजनीतिक लाभ के लिए जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर रहा है।

———बाइट———

---

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद से ईडी की पूछताछ को आवश्यकत बताया है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी अपना काम कर रही है। श्री सिंह ने कहा कि बिहार को साफ छवि का मुख्यमंत्री चाहिए और नीतीश कुमार का विकल्प नहीं है।

———बाइट———

---

ऊर्जा मंत्री बीजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि राज्य सरकार बिजली उपभेक्ताओं और किसानों के प्रति संवदेनशील है। विधानसभा में ऊर्जा विभाग के बजट पर चर्चा का उत्तर देते हुए ऊर्जा मंत्री बीजेन्द्र यादव ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को पन्द्रह पैसे प्रति यूनिट की रियायत दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश के दो करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं को सीधा फायदा मिल रहा है। श्री यादव ने कहा कि कृषि कार्य के लिए किसानों को मात्र पचपन पैसे प्रति यूनिट बिजली मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि कुल निर्धारित लक्ष्य आठ लाख चालीस हजार कृषि कनेक्शन में अब तक पांच लाख एक्यासी हजार कृषि कनेक्शन दिए जा चुके है।

———बाइट———

---

पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि कोईलवर पुल पर ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। श्री नवीन ने आज विधान सभा में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि एन.एच.ए.आई सहित पटना और भोजपुर जिला प्रशासन की ओर से इस दिशा में कदम उठाए गए हैं। श्री नवीन ने कहा कि राज्य में किसी भी पुल पर भारी वाहन खड़े करने पर रोक लगा दी गई है।

---

सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है, जिससे देश में आतंकी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। आज राज्यसभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी– एनआईए को और अधिक सशक्त बनाया है।

———बाइट———

मोदी सरकार की नीति आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति है और उसपर तत्परता से काम हो रहा है। आतंकवाद का समूल नाश हो, सरकार इसके लिए कठोर से कठोर कार्रवाई कर रही है और आतंकवादी गतिविधियों में काफी कमी देखी गई है। इसके लिए यानी आतंकवाद से लड़ने के लिए जो कदम उठाए गए हैं कानूनी ढांचों को मजबूत किया गया है।

---

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि ऑनलाइन गेम और सट्टेबाजी की गतिविधियों से निपटने में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पिछले वर्ष एक हजार 97 सट्टेबाजी और गेम्स वेबसाइटों पर प्रतिबंध लगाया गया था। आज लोकसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि ऐसी गतिविधियों से निपटने के लिए केंद्र और राज्यों दोनों को मिलकर काम करना होगा और साइबर अपराध से जुड़ी सभी एजेंसियां समन्वय के साथ काम कर रही हैं।

———बाइट———

एजेंसीज हैं, चाहे वह केंद्र सरकार की हो, चाहे राज्य सरकारों के प्रयास हो, चाहे इंटरनेशनल बॉडीज के प्रयास हो, इन सब का कोऑर्डिनेशन होने से एक सिग्निफिकेंट इंप्रूवमेंट भी आया है कि जहां 2022 में मात्र 24 के आसपास बैटिंग और गैंबलिंग की वेबसाइट को बैन किया गया था, 22 में मात्र 14 के आसपास जहां हो पाई थी वहां 2024 में आते आते 1097 बैटिंग और गैंबलिंग की साइट्स हैं। उसको ब्लॉक किया गया है।

---

पटना हाई कोर्ट ने सत्तरवीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा रद्द करने और पुनर्परीक्षा कराये जाने से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने आज दोनों पक्ष की ओर से दलिलों को सुना। राज्य सरकार की ओर महाधिवक्ता पी.के शाही ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि परीक्षा में कोई गड़बड़ी या अनियमितता नही हुई है। जबकि याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ताओं ने न्यायालय को बताया कि बड़े पैमाने पर परीक्षा में धांधली के साक्ष्यों की मौजूदगी के बावजूद बीपीएससी इस मामलें की न तो जांच करा रही है और ना ही पुनर्परीक्षा लेने को तैयार है।

---

सेपक टाकरा विश्व कप दो हजार पच्चीस का आयोजन कल से पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्टस् कॉम्प्लेक्स में किया जायेगा। अंतरराष्ट्रीय सेपक टाकरा फेडरेशन याइसटैफ के सहयोग से विश्व कप का आयोजन 25 मार्च तक चलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल अपराह्न साढ़े तीन बजे विश्व कप प्रतियोगिता का उद्‌घाटन करेंगे। टूर्नामेंट में भारत, जापान, ब्राजील, फ्रांस, इटली, मलेशिया, ईरान समेत बीस देशों के तीन सौ से अधिक खिलाड़ी और प्रशिक्षक भाग ले रहे हैं। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरण ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि पहली बार बिहार इस विश्वकप की मेजबानी कर रहा है।

———बाइट———

---

पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों में मौसम के रूख में उतार–चढ़ाव देखा जा रहा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों के अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई है। हालांकि दिन में तीखी धूप के कारण गर्मी का एहसास बढ़ा है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनो के दौरान भभुआ, रोहतास, औरंगाबद, जमुई, बांका, नवादा, भागलपुर, लखीसराय समेत राज्य के

उत्तर–पूर्व, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–पूर्व भागों में अनेक स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। इस दौरान कई स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका है।

–––बाइट–––

---

रोहतास की जिलाधिकारी उदिता सिंह ने दत्तक ग्रहण की कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए एक बालिका को सिंगापुर की एक दंपत्ती को गोद दिया। दत्तक ग्रहण का कार्य जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में पूरा किया गया।

---

मधुबनी जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में उत्पाद और मद्यनिषेद विभाग की टीम ने छापेमारी कर पांच शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधीक्षक विजयकांत ठाकुर ने बताया कि उनतीस स्थानों पर की गई छापेमारी में भारी मात्रा में शराब और अर्धनिर्मित शराब बरामद की गई है।

---

01. सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर अंतरिक्ष में नौ महीने बिताने के बाद पृथ्वी पर सकुशल वापस लौटे। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने अंतरिक्ष यात्रियों को बधाई दी।
02. प्रवर्तन निदेशालय– ईडी ने राजद अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद से जमीन के बदले नौकरी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आज चार घंटे तक गहन पूछताछ की।
03. पटना हाई कोर्ट ने सत्तरवीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा रद्द करने से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई पूरी की। फैसला सुरक्षित रखा।
04. और, सेपक टाकरा विश्व कप दो हजार पच्चीस कल से पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्टस् कॉम्प्लेक्स में होगा शुरू। बीस देशों की टीम ले रही है भाग।

---

समाप्त